पहल | बहनों से सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आह्वान

# सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाएगा एचपीवी टीका : मुख्यमंत्री



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका नि:शुल्क लगाया जा रहा है। वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। ये सारी बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस मौके पर उन्होनें ये भी आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें।

### नेत्रहीन बालिकाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिका जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लखपति दीदी आरती चौधरी और सीता गोंड को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में विधायक संतोष बरकड़े सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, लाड़ली बहनें एवं बड़ी संख्या में बेटियां उपस्थित थीं।

### जबलपुर को दीं 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को आगामी नवरात्रि पर्व एवं गुड़ी पड़वा की मंगलकामनाएं दीं।

# भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने प्रशिक्षण जरूरी : हेमंत खंडेलवाल



**नवभारत,जबलपुर ।** भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आवश्यक है। जब हम लगातार सत्ता में रहते हैं तो जनता की नजर भी हम पर रहती है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि कार्यकर्ता अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ संगठन तथा समाज के लिए कार्य करें। प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यकर्ताओं के लगातार प्रशिक्षण और पार्टी की कार्य पद्धति की वहज से ही भाजपा अजेय पार्टी बनी है। ये सारी बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा संभागीय कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित विषय वक्ता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं।

विषय वक्ता कार्यशाला में गुजरात के प्रदेश संगठन महामंत्री रत्नाकर ने प्रजेंटेशन के जरिए कार्यशाला के विषय वस्तु व कार्य योजना को प्रस्तुत किया। वहीं मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक मंचासीन रहीं। मंच का संचालन संभाग प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने किया एवं आभार प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने व्यक्त किया। जिन विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग में विषय वक्तागण विचार रखेंगे, उन विषयों को लेकर समानांतरण सत्रों में प्रशिक्षकों ने विषय वक्तागणों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में जबलपुर, छिंदवाड़ा, रीवा एवं शहडोल संभाग के विषय वक्तागण उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास के साथ संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। वहीं भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि सादगी, शालीनता और अनुशासन भाजपा कार्यकर्ता की पहचान होनी चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में प्रदेश शासन के मंत्री उदयप्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विनोद गोंटिया, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे,, संतोष बरकडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे के साथ सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भानतलैया संभाग में राजस्व अमले ने चलाया अभियान

# बड़े बकायादारों पर की गई कुर्की की कार्रवाई



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने सोमवार को भानतलैया संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत गोविन्द वल्लभ पंत वार्ड में बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की। राजस्व अमले ने जानकारी देते हुए बताया कि

वार्ड के कई प्रमुख भवन स्वामियों, जिन पर हजारों रुपये का कर बकाया था, उनके विरुद्ध कुर्की की प्रक्रिया अपनाई गई। साथ ही टीम द्वारा उन भवनों पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किए गए जिन्होंने बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद कर जमा नहीं किया था। अ. लतीफ पर बकाया राशि 34,534, हाजी नबी बक्स पर बकाया राशि 34,268, और बरकत उल्ला मंसूरी पर बकाया राशि 59,930 रूपये होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी है। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी प्रदीप मेरावी, अरविन्द श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शुभम जैन, एस. कौण्डया, राम कालेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बच्चे का भ्रूण लेकर याचिकाकर्ता पहुंचा हाईकोर्ट, मचा हड़कंप

एक्सीडेंट में गर्भपात, रीवा पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप

**नवभारत, जबलपुर।** हाईकोर्ट में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब याचिकाकर्ता हाईकोर्ट में बच्चे के भ्रूण को लेकर पहुंच गया । जिसने बताया कि अपनी पत्नी के साथ जा रहा था। इस दौरान दुर्घटना में पत्नी का गर्भपात हो गया था। सूत्रों के मुताबिक यह भी आरोप लगाया कि रीवा पुलिस के द्वारा उसकी शिकायत पर अपेक्षित कार्यवाही नही की गयी। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने याचिकाकर्ता और



संदिग्ध भ्रूण को कब्जे में लिया इसके बाद सिविल लाइन पुलिसके सुपुर्द कर दिया गया था । पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है विस्तृत जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### क्या है मामला

सूत्रों के मुताबिक रीवा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार दया शंकर पांडे की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। जिसमे देश की राष्ट्रपति को अनावेदक बनाया गया था। हाईकोर्ट के आदेश पर याचिका से राष्ट्रपति का विलोपित कर दिया गया था। याचिका पर सोमवार को सुनवाई निर्धारित थी इसी दौरान याचिकाकर्ता पहुंचा और अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

### पॉलीथिन में भ्रूण लेकर पहुंचा

सूत्रों के मुताबिक सोमवार को याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पत्नी को साथ लेकर पहुंचा वे पॉलीथिन में बच्चे का भ्रूण लेकर पहुंच गया था । जिससे मौके पर अफ्रा-तफरी मच गई थी। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया कि रीवा में दुर्घटना के दौरान उसकी गर्भवती पत्नी का गर्भपात हो गया रीवा पुलिस के द्वारा उसकी शिकायत पर कार्यवाही नही की गयी है।

### थाने में चली लंबी पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक मामले के बाद हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियां भी सुरक्षा के मद्देनजर अलर्ट हुई। सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने याचिकाकर्ता और संदिग्ध भ्रूण को कब्जे में लिया। इसके बाद उसे सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया । जहां उससे लंबी पूछताछ भी हुई।

### कोर्ट रूम की हुई सफाई

इस घटना के बाद हड़कंप का माहौल व्याप्त हो गया था। साथ ही तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गई थी। बाद में कोर्ट रूम की सफाई भी करवाई गई।

**इनका कहना है**



एक व्यक्ति तीन माह का भ्रूण लेकर कोर्ट में पहुंचा था उसने स्वयं की जान को खतरा बताया है पूछताछ चल रही है जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी और मामला स्पष्ट हो सकेगा।

**आयुष गुप्ता**
**एएसपी, सिटी**

# छत से गिरी तीन साल की मासूम, मौत, साई कॉलोनी का मामला

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत दीनदयाल स्थित साई कॉलोनी में रहने वाली एक तीन साल की मासूम अचानक घर की छत से गिर गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। मासूम कैसे और किन परिस्थितियों में छत से नीचे गिरी है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिकसाई



कॉलोनी दीनदयाल माढ़ोताल में रहने वाली पूजा साहू तीन वर्षीय संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गई जिसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गई । बच्ची के नीचे गिरने के बाद परिजन दौड़कर बाहर निकले और घायल अवस्था में बच्ची को परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान पूजा साहू ने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनकी फूल जैसी बेटी अब इस दुनिया में नहीं रही । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है । परिजनों और कॉलोनी वासियों के बयान दर्ज होने के बाद मामला स्पष्ट हो सकेगा । टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि पूजा साहू पिता सुशील साहू की बेटी घर की छत पर खेलते हुए गिरी है मामले की विस्तृत जांच जारी है। सीसीटीव्ही कैमरों को भी खंगाला जा रहा है ताकि पता चल सके कि बच्ची कैसे गिरी है ।

### बाइक की टक्कर से शिक्षिका घायल

जबलपुर । सिहोरा थाना अंतर्गत पुराना बस स्टेंड के सामने बाइक की टक्कर से शिक्षिका घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि कु. रिचा पाण्डे 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 11 सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट इंस्ट्यूट में पढ़ाती है सोमवार सुबह लगभग 11-40 बजे पुराना बस स्टेण्ड बीकानेर होटल के सामने मेन रोड पार कर रही थी उसी समय खितौला तरफसे आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन डी 7492 के चालक उसे टक्कर मार दी।

# 15 हजार की रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

झोपड़ी सुधारने के एवज में मांगी थी घूस

**नवभारत, जबलपुर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर ने ग्राम पंचायत पलारी, जिला सिवनी के सरपंच रामगोपाल डेहरिया को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। रिश्तखोर सरपंच ने ग्रामीण से उसकी टपरिया (झोपड़ी) सुधारने के बदले रिश्वत की मांग की थी।

ईओडब्लयू से मिली जानकारी के मुताबिक शिवचरण नागवंशी पिता नंदकुमार नागवंशी 40 वर्ष निवासी, जान्हवी नगर, चुनाभट्टी



के पास, ग्राम पलारी, सिवनी ने आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर में शिकायत कर बताया कि पलारी में पिछले 4-5 साल से टपरिया बनाकर रह रहा है, इसके अलावा रहने की कोई जगह नहीं है। अपनी टपरिया में कुछ सुधार कार्य कराने के लिये गांव के सरपंच राम गोपाल डेहरिया ने 15000 रुपये की मांग की है।

### जाल बिछाकर धरदबोचा

शिकायत का सत्यापन किये जाने पर आरोपी द्वारा 15000 रुपये की रिश्वत की मांग सही पायी गयी।इसके बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम ने जाल बिछाते हुए सोमवार को कार्रवाई करते हुए सिवनी जिले के ग्राम पंचायत पलारी के सरपंच रामगोपाल डेहरिया को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया है।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मृत्यु कारित करने वाले को सजा व जुर्माना

**जबलपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मृत्यू कारित करने वाले आरोपी चालक मकसूद शाह को अदालत ने दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ऋचा बठेजा की अदालत ने आरोपी को एक साल के सश्रम कारावास व साढ़े पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं अजीता सिंह बैस ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2016 को मृतिका शशि चौरसिया उखरी रोड से कन्हैया सोनी के साथ मोटर साइकिल एमपी 20 एमजी-9120 में बैठकर जा रहीं थी। उसी समय कार क्रमांक एमपी 20 सीई-3908 के चालक मकसूद शाह ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल शशि को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीन दिन बाद 19 फरवरी 2016 को उनकी मौत हो गई। उक्त मामले में लार्डगंज पुलिस ने धारा 304 ए का प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी कार चालक को उक्त सजा से दंडित किया।

# रिटायर्ड कर्मचारी का एटीएम बदला, खाते से उड़ाए 1.18 लाख

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत सिविक सेंटर स्थित एसबीआई एटीएम में एक जालसाज ने मदद करने के बहाने रिटायर्ड कर्मचारी का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 1 लाख 18 हजार 80 रुपये पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नया मोहल्ला निवासी रसीद उद्दीन (60) सीओडी फैक्ट्री से रिटायर्ड हैं, वे सिविक सेंटर स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे। तकनीकी कारणों से जब पैसे नहीं निकले, तो पास खड़े एक अज्ञात युवक ने



मदद की पेशकश की। जालसाज ने बुजुर्ग का कार्ड मशीन में लगाया और पिन नंबर देख लिया। पैसे नहीं निकलने का बहाना कर उसने बड़ी चालाकी से रसीद उद्दीन का असली कार्ड अपने पास रख लिया और उन्हें सिवानी कुशवाहा के नाम का दूसरा कार्ड थमा दिया। बुजुर्ग को इसका अहसास नहीं हुआ और वे घर लौट आए। जब बैंक से रसीद उद्दीन के पास फोन आया कि उनके खाते से लगातार पैसे निकाले जा रहे हैं, तब उनके होश उड़ गए। बैंक के कहने पर जब उन्होंने अपना कार्ड चेक किया, तो वह किसी अन्य महिला का निकला। अज्ञात आरोपी ने उनके खाते से कुल 1,18,080 रुपये निकाल लिए थे। पुलिस ने रसीद उद्दीन की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

लोकार्पण | मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया लोकार्पण, यातायात व्यवस्था होगी अधिक सुव्यवस्थित

# शहर के व्यस्त चौराहों पर सोलर ट्रैफिक सिग्नल शुरू





**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की राज्य आयोजना के अंतर्गत शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जबलपुर के प्रमुख और अधिक यातायात दबाव वाले चौराहों पर आधुनिक सोलर ट्रैफिक सिग्नल विथ कैंटीलीवर स्थापित किए गए हैं। इन सिग्नलों का वर्चुअल लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारू बनाना है। सौर ऊर्जा आधारित इन ट्रैफिक सिग्नलों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इन चौराहों पर लगे सिग्नल

शहर के जिन प्रमुख चौराहों पर ये सोलर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं, उनमें जबलपुर अस्पताल क्रॉसिंग, पर्यटन चौक, मदनमहल चौक और बाजनामठ चौराहा शामिल हैं। इन सिग्नलों के संचालन से इन क्षेत्रों में यातायात का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

### सभी सिग्नलों की टेस्टिंग जारी

जानकारी के अनुसार फिलहाल सभी सिग्नलों की टेस्टिंग की जा रही है, जिसमें यह निर्धारित किया जा रहा है कि किस चौराहे पर किस दिशा में कितनी अवधि तक सिग्नल रहेगा। यातायात पुलिस इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने में जुटी हुई है, ताकि नागरिकों को आवागमन में अधिक सुविधा और सुरक्षा मिल सके।










स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57